पत्रांक-भवन/भू-सम्पदा-प्र0-09-08(विविध)-18/2023................................/

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार सिंह, भा0प्र0से0,
अपर सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः–

विषयः– सचिवालय एवं सचिवालय से संबद्ध भवनों यथा विश्वेश्वरैया भवन, विकास भवन, मुख्य सचिवालय एवं अन्य भवनों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आहूत बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सचिवालय एवं सचिवालय से सम्बद्ध भवनों यथा मुख्य सचिवालय, विकास भवन, विश्वेश्वरैया भवन एवं अन्य भवनों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के संबध में **दिनांक–17.02.2026 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे** विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर स्थित सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गई है।

अतः कार्यालय परिसर में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु नामित विभागीय नोडल पदाधिकारी को उक्त निर्धारित बैठक में ससमय भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
ह0/–
(संजय कुमार सिंह)
अपर सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–भवन/भू–सम्पदा–प्र0–09–08(विविध)–18/2023 पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक में अग्नि सुरक्षा से संबंधित किसी सक्षम पदाधिकारी को ससमय भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

ह0/–
अपर सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी।

ज्ञापांकः–भवन/भू–सम्पदा–प्र0–09–08(विविध)–18/2023 पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख–सह अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अपर सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी।

D:/Seema/E-state Officer/New Letter 3389

ज्ञापांकः–भवन/भू–सम्पदा–प्र0–09–08(विविध)–18/2023 पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–जिला अग्निशमन पदाधिकारी, पटना/मुख्य अभियंता(विद्युत)/मुख्य अभियंता (पटना)/अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल/विद्युत अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–03/कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल/पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल/पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर/पटना भवन प्रमंडल/उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल/विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–01, 02 एवं 03, भवन निर्माण विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि विषयांकित बैठक में ससमय भाग लेना सुनिश्चित किया जाए।

ह0/–

अपर सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी।

ज्ञापांकः–भवन/भू–सम्पदा–प्र0–09–08(विविध)–18/2023 1370(भ) पटना, दिनांकः– 09/02/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 09/02/2026

अपर सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी।

D:/Seema/E-state Officer/New Letter 3390